## महत्वपूर्ण एवं खास

### मदिरा दुकान परिसर में अहाता के लिए चयन कार्यवाही 12 जून को

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले के देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकान के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहाता के अनुज्ञप्तिधारियों का 12 जून 2024 को प्रात: 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष, रायगढ़ में चयन कार्यवाही संपन्न की जाएगी। सहायक आयुक्त आबकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यवाही में वे ही आवेदक जो ऑनलाइन अहाता अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन किए हो, पावती धारक हो वे उक्त स्थल पर अवलोकन हेतु उपस्थित हो सकते है।

### सीसीटीवी कैमरा सुरक्षा अलार्म धूम्रपान डिटेक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का निशुल्क प्रशिक्षण

**आरसेटी रायगढ़ में निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ निवास और भोजन भी फ्री मिलेगा**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में 17 जून से सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा अलार्म, धूम्रपान डिटेक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का निशुल्क 13 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये वाट्सअप नंबर 7974942078 में पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8656919787, 7999984982 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35-35 सीट निर्धारित हैं।

### घटना के बाद शहर में लगा धारा 144, पुलिस चौकस, सीएम भी जमाए हैं नजर

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** जिले में सोमवार को उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए कलेक्टर और एसपी कार्यालय को जलाकर राख कर दिया था. घटना के बाद से शहर में धारा 144 लागू कर दिया गया है. वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी इस पर नजर बनाए हुए हैं. उन्होंने देर शाम डीजीपी और सीएस को तालाब कर मामले की जानकारी ली थी और आईजी को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिए थे. वहीं आज मुख्यमंत्री ने अपना जशपुर जिले का दौरा कार्यक्रम रद्द कर दिया और बलौदाबाजार मामले में सीएम हाउस में हाईलेवल की बैठक बुलाई है. बैठक में डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव समेत सतनामी समाज के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद हैं। बता दें कि बलौदाबाजार हिंसक प्रदर्शन के बीच देर रात 1 बजे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराराम वर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल समेत जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर ऑफिस पहुंचकर पूरे घटनाक्रम का अवलोकन किया और जानकारी ली. इस दौरान तीनों मंत्रियों ने घटना की निंदा की. वहीं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि घटना की पूरी जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण मिशन मोड में करें पूरा -कलेक्टर

- अवैध खनिज परिवहन व मादक पदार्थों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश
- बारिश के पूर्व अस्पतालों में मौसमी बीमारियों की दवाओं के पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश
- आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर जल्द होगी भर्ती
- शाला प्रवेशोत्सव का होगा गरिमामय आयोजन, अधिकारियों को छात्रावास-आश्रमों के निरीक्षण का दिया गया जिम्मा
- कलेक्टर गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी जिला अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने विभाग की योजनाओं और निर्देशों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और प्रगति की स्वयं मॉनिटरिंग करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर गोयल आज समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

कलेक्टर गोयल ने आयुष्मान कार्ड के निर्माण की ब्लॉकवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी इलाकों में कार्ड निर्माण में विशेष रूप से तेजी लाने की जरूरत है। पूरे जिले में यह काम मिशन मोड में एक मुहिम के रूप में होना चाहिए। सभी एसडीएम इसके लिए संबंधित निकाय के अधिकारियों के साथ कार्ययोजना तैयार कर रोजाना की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने सीएमएचओ से कहा कि अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले लोगों की स्कुरटनी कर ऐसे लोगों की पहचान की जा सकती है जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं। जिससे वहीं उनके कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जा सकती है। कलेक्टर गोयल ने इसके साथ ही पांच सहकारी समितियों में जन औषधि केन्द्र खोले जाने के संबंध में प्राप्त निर्देश के अनुरूप कार्यवाही जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी के बारे में जिला शिक्षाधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूलों में इस सत्र के प्रवेशोत्सव का गरिमामयी आयोजन किया जाए। उन्होंने स्कूलों में गणवेश वितरण की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने कहा कि स्कूल खुलने के साथ ही आश्रम छात्रावासों के संचालन भी शुरू हो जाएंगे। इसके पूर्व छात्रावासों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिन्हें हॉस्टल और आश्रम का निरीक्षण कर तैयारियों के संबंध में अपना प्रतिवेदन देना है।

कलेक्टर गोयल ने अवैध खनिज परिवहन पर कार्यवाही के संबंध में उप संचालक खनिज विभाग से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि लगातार अवैध परिवहन पर कार्यवाही होनी चाहिए। आबकारी विभाग को भी सभी मादक पदार्थों पर कार्यवाही को लेकर निर्देशित किया। कलेक्टर गोयल ने इस मानसून में विभागों द्वारा किए जाने वाले वृक्षारोपण के तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन, पौधे तैयार करने, तिथिवार वृक्षारोपण के शेड्यूल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा के साथ ही दूसरे संबंधित विभागों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने इसके साथ ही उद्योग परिसरों में पौधरोपण के निर्देश दिए हैं, जिसके लिए उद्योगों को पौधे उपलब्ध करवाने और जरूरी कार्यवाही के लिए पर्यावरण और खनिज विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यों की भी समीक्षा की। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान कई स्थानों पर काम में अपेक्षानुरूप प्रगति नहीं होने पर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने ईई पीएचई से कहा कि जहां समस्या आ रही है वहां अन्य विभागों से समन्वय करते हुए उसका निदान करें, फिल्ड पर काम में तेजी दिखनी चाहिए। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पानी के टंकियों की नियमित सफाई के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने जल संसाधन विभाग के कामों की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत किए जाने वाले कामों के प्रस्ताव नहीं दिए जाने को लेकर गहरी नाराजगी जतायी और तत्काल प्रस्ताव देने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें स्वीकृति प्रदान कर कार्य शुरू कराया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने जल शक्ति अभियान और भू-जल सर्वेक्षण के कार्यों में भी गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये जाये। उन्होंने इसमें ईएसआईसी हॉस्पिटल का सहयोग लेने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**बारिश के पूर्व अस्पतालों में मौसमी बीमारियों की दवाओं का रखें पर्याप्त स्टॉक**

कलेक्टर गोयल ने सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी से कहा कि बारिश के पूर्व सभी अस्पतालों में उल्टी डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों के दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखें। अस्पतालों में एंटी स्नेक वेनम भी रखें। उन्होंने पिछले सालों में जिन इलाकों में मौसमी बीमारियों की ज्यादा शिकायत थी उसकी मैपिंग कर वहां विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

**आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करें पूरी**

कलेक्टर गोयल ने आंगनबाडिय़ों में रिक्तियों को भरे जाने के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी से जानकारी ली। बताया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विकासखण्ड वार विज्ञापन जारी किए जा रहे है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि शीघ्र सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए भर्तियां पूर्ण कर ली जाए।

## व्यवसायिक परीक्षा मंडल की पीईटी एवं पीपीएचटी की परीक्षा 13 जून को होगी आयोजित

- जिले के 05 स्कूल एवं कॉलेज बनाये गये हैं परीक्षा केंद्र

**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आगामी 13 जून 2024 को दो पाली में प्रात: 9 से अपरान्ह 12.15 बजे तक पीईटी एवं सायं को 2 से 5.15 बजे तक पीपीएचटी की भर्ती परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसमें रायगढ़ जिले के अंतर्गत प्रथम प्रात: की पाली में 04 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। जिसमें नगरीय क्षेत्रों में स्थित शासकीय नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 300, शासकीय पीडी कॉमर्स कॉलेज में 300, शासकीय चक्रधरनगर स्कूल में 200 एवं शासकीय कन्या स्कूल में 86 कुल 04 परीक्षा केंद्रों में 886 परीक्षार्थी प्रात: की पाली में शामिल होंगे। इसी तरह द्वितीय शाम की पाली में शासकीय नटवर स्कूल में 300, शासकीय पीडी कॉमर्स कॉलेज में 300, शासकीय चक्रधरनगर स्कूल में 200, शासकीय कन्या स्कूल में 250 एवं शासकीय जूटमिल स्कूल में 242 इस तरह कुल 05 परीक्षा केंद्रों में कुल 1292 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उपरोक्त परीक्षा केंद्रों के लिये जिला स्तर से केन्द्रवार पर्यवेक्षक नटवर स्कूल हेतु मनोज षड़ंगी, व्याख्याता उमावि बरलिया, पीडी कॉमर्स कॉलेज में खेमराम चौधरी, व्याख्याता, सेजेस कोंडातराई, चक्रधरनगर स्कूल में छबिलाल चौधरी, प्राचार्य सेजेस औरदा, कन्या शाला में वेद प्रकाश तिवारी, व्याख्याता उमावि कुसमरा एवं जूटमिल स्कूल में मोहन पटेल, व्याख्याता, उमावि राबो नियुक्त किये गये है। उपरोक्त परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर रायगढ़ द्वारा महेश शर्मा डिप्टी कलेक्टर, रायगढ़ को नोडल अधिकारी एवं भुवनेश्वर पटेल, एपीसी समग्र शिक्षा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन सम्पन्न करने के लिये केंद्राध्यक्षों, जिला द्वारा नियुक्त आब्जर्वर एवं समन्वयक संस्था से नियुक्त ऑब्जर्वर की ब्रीफिंग 11 जून 2024 को प्रात: 11 बजे किरोड़ीमल शासकीय महाविद्यालय रायगढ़ में आयोजित की गई।

## धान की सीधी बुवाई करके कम लागत में प्राप्त कर सकते है अधिक उत्पादन -डॉ.के.डी.महंत

**रायगढ़**



मृदा वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत ने जलवायु अनुकूल धान की डीसीआर (धान की सीधी बुवाई) तकनीक के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि धान की खेती में बढ़ती लागत चिंता का विषय बनी हुई है। एक तरफ मजदूर न मिलने से धान की रोपाई में बहुत परेशानी होती है, तो वहीं महंगी होती मजदूरी से खेती की लागत भी काफी बढ़ जाती है, जिससे किसानों को धान की खेती करने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं धान की खेती करने में किसानों को कई तरह के कार्य करने होते हैं, यह कार्य काफी मेहनत भरा होता है। मसलन, धान की खेती के लिए नर्सरी तैयार करना, रोपाई करना, रोपाई के खेत की तैयारी जैसे काम करने होते हैं, जो किसानों की लागत को बढ़ाते ही हैं साथ ही उनका समय भी खराब करते हैं।

प्रधान अन्वेषक डॉ.राजपूत, सह अन्वेषक डॉ.के.डी.महंत एवं वरिष्ठ अनुसंधान सहायक डॉ.मनोज साहू द्वारा समय अनुसार कृषि एडवाइजरी जारी किया जाता है। कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में संचालित निकरा परियोजना अंतर्गत जलवायु लचीला प्रौद्योगिकी के माध्यम से किसानों को जरुरी सलाह दी जा रही है। मृदा वैज्ञानिक डॉ.महंत ने किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि किसान धान की सीधी बुवाई करके कम लागत से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डीएसआर तकनीक से धान की बुआई करने पर धान की फसल रोपाई करके लगाई गई धान की फसल की तुलना में 7 से 10 दिन पहले पक कर तैयार हो जाती है। जिससे धान की फसल के बाद लगने वाली फसलों को समय पर लगाया जा सकता है। मृदा विशेषज्ञ डॉ.महंत ने कहा कि इस मशीन से धान की खेती करने के लिए किसानों को धान की नर्सरी तैयार करने की आवश्यकता नहीं होती है। डीएसआर मशीन के माध्यम से किसान धान की बीजों से सीधे खेत में बुवाई कर सकते हैं, इससे बुवाई करने पर श्रमिकों तथा पानी की कम आवश्यकता होती है। साथ ही अधिक क्षेत्र में कम समय के अंदर बुआई को पूरा किया जा सकता है। डॉ महंत ने बताया कि डीएसआर मशीन का पूरा नाम डायरेक्ट सीडेड राइस मशीन है। यह मशीन धान की परंपरागत रोपाई से हटकर कार्य करती है। इस मशीन से बुवाई करने से पहले खेत को लेजर लैंड लेवलर से समतल कराने की जरूरत होती है। उसके बाद डीएसआर मशीन के द्वारा बुवाई की प्रक्रिया को किया जाता है। इसके बाद इस मशीन से खाद और बीज को एक साथ बोया जाता है। यह मशीन बुआई करते समय खेत की भूमि में पतली लाइन चढ़ाती है। मशीन के साथ लगी दो अलग-अलग पाइप से उर्वरक और बीज अलग-अलग गिरता है, जिससे धान की बीज की बुआई होती है।

## कलेक्टर जनदर्शन पुन: प्रारंभ, जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे जनसामान्य

- ग्रामीणों ने बतायी अपनी समस्याएं, कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज सृजन सभाकक्ष में जनसामान्य के समस्याओं को निराकरण करने हेतु कलेक्टर जनदर्शन पुन: प्रारंभ किया गया। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजित जनदर्शन में जनपद पंचायत तमनार के ग्राम आमगांव की महिलाओं ने पीडीएस वितरण में अनियमितता की शिकायत लेकर पहुंची थी। महिलाओं ने कलेक्टर गोयल को बताया कि ग्राम पंचायत सचिव द्वारा विगत कई साल से पीडीएस संचालन किया जा रहा है। जिनके द्वारा नियमित रूप से राशन वितरण नहीं किया जाता। इसके साथ ही सभी लोगों को पर्याप्त राशन नहीं मिल पाता। जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से नियमित राशन प्रदान करवाने का आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने आवेदन पर खाद्य अधिकारी को प्रकरण की जांच एवं कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत कौवाताल कुधरीडीपा के ग्रामीणों ने शासकीय बोर का घर में खनन से पेयजल समस्या की शिकायत लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया की जनसामान्य के जल समस्या निदान हेतु शासकीय बोर स्वीकृत किया गया था, लेकिन बोर को सामुहिक न करके ग्राम के पंच द्वारा अपने घर में करवाने से लोगों को पेयजल की समस्या हो रही है। कलेक्टर गोयल ने एसडीएम को स्थल निरीक्षण कर उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के ग्राम छाल के ग्रामीण मुक्ति धाम से अवैध कब्जा हटवाने की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि एसईसीएल द्वारा ग्रामीणों के लिए शासकीय जमीन में मुक्तिधाम बना कर दिया गया था, जिसे ग्राम के व्यक्ति द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर, जेसीबी से खेत बना कर आने जाने के रास्ता को बंद कर दिया गया है। जिससे गांव में किसी व्यक्ति के मृत्यु पश्चात दाह संस्कार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर गोयल ने ग्रामीणों की मांग पर तहसीलदार छाल को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत बायंग के केनाडीपा मोहल्लेवासी आंगनबाड़ी क्रमांक 5 में कार्यकर्ता के रिक्त खाली पद को भरे जाने की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया की पिछले साल से पद खाली है, जिसको भरने के मांग विगत कई माह से किया जा रहा है लेकिन आज तक नही भरा गया है। जिस पर कलेक्टर गोयल ने डीपीओ महिला एवं बाल विकास को विधिनुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गेरवानी के सरपंच एवं ग्रामीण शासकीय प्राथमिक शाला गेरवानी तथा शिवपुरी प्राथमिक शाला के जर्जर भवन की जानकारी देने एवं भवन व्यवस्था की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि दोनों स्कूल अत्यंत जर्जर हो चुके हैं। जिसकी मांग विगत कई वर्षो से की जा रही है, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं किया गया हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में प्लास्टर गिरने की आशंका बनी रहती है, जिससे पालकों में भय व्याप्त है। कलेक्टर गोयल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को प्राथमिकता से उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

तहसील छाल निवासी सददाम खान अपने पुत्र के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र के मल द्वार से संबंधित परेशानी है। जिसका पूर्व में ऑपरेशन भी किया गया था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण आगे के इलाज में परेशानी हो रही है। कलेक्टर गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को व्यक्तिगत रूप से संबंधित के उचित इलाज में सहायता के निर्देश दिए।

## जिला दंडाधिकारी धर्मेश साहू ने की दांडिक प्रकरणों में अपील और समीक्षा



**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा और सहायक अभियोजन अधिकारी के साथ बैठक लेकर दांडिक प्रकरणों में अपील और समीक्षा की। इस बैठक में जिले के 13 प्रकरण जो सरिया, कोसीर, सरसींवा, सारंगढ़, बरमकेला, बिलाईगढ़ और केडार थाना में दर्ज एफआईआर शामिल थे। जिसमें पॉस्को एक्ट, दुष्कर्म की धारा 363, 366, 376 आदि शामिल थे। कलेक्टर साहू ने प्रकरणों का समीक्षा कर अपील के लिए भी संबंधित अधिकारी और लिपिक को निर्देशित किया। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू और अधिवक्ता अशोक शर्मा उपस्थित थे। नाबालिग और बालिग की स्थिति में अधिक स्पष्टता के लिए जन्मतिथि सत्यापन हेतु अधिवक्ता अशोक शर्मा ने एसपी शर्मा को निवेदन किया कि आप अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करें कि वे जिले के एफआईआर में विवेचक को जन्मतिथि और उम्र के सत्यापन के लिए अस्पताल में दर्ज जच्चा बच्चा कार्ड को भी शामिल करें।

## बलौदाबाजार हिंसा मामले में पूर्व सीएम बघेल ने सरकार पर लगाए आरोप

**रायपुर | आरएनएस**

बलौदाबाजार हिंसा मामले में सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई है। दिल्ली से लौटते ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर कई आरोप लगाए। पूर्व सीएम बघेल का कहना है कि सरकार से एक बड़ी चूक हुई है. सरकारी सिस्टम घटना को रोक पाने में विफल रहा है. छत्तीसगढ़ के इतिहास में ये अब तक सबसे बड़ी प्रदर्शन के दौरान हिंसा की घटना है. कलेक्टर और एसपी कार्यकाल जला देना सामान्य बात नहीं है.

इस घटना के लिए जो भी जिम्मेदार है उस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन सवाल उठ रहा है कि प्रदर्शन को इतना उग्र होने किसने दिया ?

बघेल ने सरकार पर आरोप लगाया कि घटना को लेकर अब लीपापोती किया जा रहा है. समाज के लोगों को सरकार शांत करा पाने में नाकाम रही है. न्यायिक जांच की घोषणा पहले क्यों नहीं की गई ? उनका कहना है कि सरकार से कानून व्यवस्था संभल ही नहीं रही. प्रदेशभर में लचर व्यवस्था है. गृहमंत्री को अपना पद छोड़ देना चाहिए, क्योंकि सच्चाई है कि खुफिया विभाग पूरी तरह फेल रहा है.

भूपेश बघेल ने कहा, सतनामी समाज के लोग सत्य और अहिंसा के पुजारी हैं. जैतखाम में जिन लोगों ने तोडफ़ोड़ की है, जो वास्तविक आरोपी हैं उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए. हिंसा की घटना की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. मैं समाज से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं.

बता दें कि गिरौदपुरी के जैतखाम में तोडफ़ोड़ से आक्रोशित सतनामी समाज के हजारों लोग सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने निकले थे. इस दौरान झूमाझटकी और पथराव भी हुई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए. वहीं कुछ लोगों ने कलेक्ट्रेट और एसपी दफ्तर में आग लगा दी, जिससे सैकड़ों गाडिय़ां जलकर राख हो गई.

## अवैध होर्डिंग को हटाएं और वैध होर्डिंग मजबूत होना चाहिए : कलेक्टर साहू

- कलेक्टर धर्मेश साहू ने बाढ़ आपदा राहत की बैठक ली

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने बारिश में होने वाले बाढ़ आपदा को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बाढ़ आपदा राहत का बैठक लिया। कलेक्टर साहू ने प्रभारी अधिकारियों को कहा कि जिले में स्थापित अवैध होर्डिंग को हटाएं तथा वैध होर्डिंग की मजबूती की जांच करें, मजबूती नहीं पाने की स्थिति में संबंधित होर्डिंग कंपनी या स्वामी को होर्डिंग मजबूत करने के लिए नोटिस जारी करें ताकि होर्डिंग से आंधी तूफान आदि होने पर किसी अप्रिय स्थिति की नौबत नहीं आए। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के नगरपालिका और नगर पंचायत के सीएमओ को कहा कि बारिश आने के पूर्व नालियों का सफाई व्यवस्था को मजबूत रखें।

कलेक्टर ने प्रभारी सेनानी नगरसेना से बाढ़ आपदा के बचाव के संबंध में आवश्यक तैयारी की जानकारी ली। धर्मेश साहू ने कहा कि सभी आपदा नियंत्रण अधिकारी को आपदा राहत के लिए एक प्लान तैयार करना है, कंट्रोल रूम का नंबर 07768-299016 हो। सूचना तंत्र मजबूत हो। गांव में बारिश का आंकलन करते हुए बाढ़ आपदा से बचने के लिए राहत शिविर के संबंध में तत्काल मुनादी किया जाए। इसके साथ ही नजदीकी थाना एवं अधिकारी का नंबर हो। डूबान क्षेत्र के गांव का नक्शा हो, पानी कहां-कहां भरता है ऐसे गांवों और स्थानों को चिन्हित करके रखा जाना है। इसी प्रकार आपदा राहत शाखा और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना है कि किन किन नजदीक स्थानों में राहत सामग्री सूखा अनाज, दवा, पशु चारा, भंडार करके रखा जाए कि आपदा के समय तुरंत उपलब्ध किया जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि बाढ़ प्रभावित गांव और जिले के तैराकों की सूची तैयार किया जाए और समाज सेवा के इच्छुक तैराकों के मोबाइल नंबर की सूची रखें।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर साहू को विद्युत अधिकारी नरेन्द्र नायक ने जानकारी दी कि बाढ़ से जलमग्न होने पर कई ट्रांसफार्मर जलमग्न होते हैं और मानव तथा गाय बैल आदि के विद्युत करंट को ध्यान में रखकर विद्युत बंद किया जाता है। धर्मेश साहू ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कहा कि गंगरेल बांध से गेट खोलने पानी छोड़ने की जानकारी लगातार अपडेट बाढ़ राहत शाखा को उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा सहित जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480